टीकाकरण आवश्यकताएँ

अपनी यात्रा के लिए बुकिंग करने से पहले इस बात की जांच करें कि क्या आप अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताओं को पूरा करते/करती हैं।

इससे आपकी ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने की पात्रता और आपको आगमन पर संगरोध करने की आवश्यकता होगी या नहीं, ये बातें प्रभावित हो सकती हैं।

यदि आप एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या स्थायी निवासी हैं, तो यह ऑस्ट्रेलिया छोड़ने की आपकी पात्रता को भी प्रभावित करता है।

ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताओं को पूरा करना

ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताओं को पूरा करने और ऑस्ट्रेलिया की सीमा व्यवस्थाओं के उद्देश्य से आपको 'पूरी तरह से टीकाकृत' यात्री माने जाने के लिए आपको इस बात का प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता है कि आप या तो:

- ऑस्ट्रेलिया की अंतरराष्ट्रीय यात्रा उद्देश्यों के लिए पूरी तरह से टीकाकृत होने की परिभाषा को पूरा करते/करती हैं
- 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे/बच्ची हैं
- 12 से 17 वर्ष की आयु के बच्चे/बच्ची हैं, जो पूरी तरह से टीकाकृत कम से कम एक वयस्क के साथ यात्रा करेंगे/करेंगी; अथवा
- चिकित्सीय कारणों की वजह से टीकाकरण नहीं करा सकते/सकती हैं।

यदि आप उपरोक्त वर्गों में से किसी भी एक वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करते/करती हैं, तो आपको टीकाकृत यात्रियों के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के कदमों का पालन करना चाहिए।

यदि आप उपरोक्त वर्गों में से किसी भी वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते/करती हैं, तो आपको गैर-टीकाकृत यात्रियों के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के कदमों का पालन करना चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया में आने वाले वीज़ा धारकों का वीज़ा रद्द किया जा सकता है और उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है और देश से निकाला जा सकता है, यदि:

- **वे ऑस्ट्रेलिया की सीमा प्रवेश आवश्यकताओं के अनुसार अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रयोजनों के लिए पूरी तरह से टीकाकृत नहीं हैं; या**
- **उन्हें ऑस्ट्रेलिया सरकार की परिभाषानुसार कोविड-19 टीकाकरण के लिए चिकित्सीय अपवाद प्राप्त नहीं है; या**
- **वे अपवाद-प्राप्त वर्ग में नहीं आते हैं अथवा उनके पास व्यक्तिगत यात्रा अपवाद नहीं है।**

अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रयोजनों के लिए पूरी तरह से टीकाकृत

यदि आपने चिकित्सीय माल प्रशासन (टीजीए) [Therapeutic Goods Administration (TGA)] द्वारा अनुमोदित या मान्यता-प्राप्त टीकाकरण कोर्स पूरा कर लिया है, तो आपको ऑस्ट्रेलिया के लिए यात्रा करने, या ऑस्ट्रेलिया से प्रस्थान करने के लिए पूरी तरह से टीकाकृत माना जाता है। इसमें मिश्रित खुराकें भी शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रयोजनों के लिए वर्तमान में अनुमोदित या मान्यता-प्राप्त टीके और खुराकें हैं:

- कम से कम 14 दिनों के अंतराल में इन टीकों की दो खुराकें:
  - एस्ट्राज़ेनेका वैक्सज़ेवरिया
  - एस्ट्राज़ेनेका कोविशिल्ड
  - फ़ाइज़र/बायोएनटेक कॉमिरनटी
  - मॉडर्ना स्पाइकवैक्स या टाकेडा
  - साइनोवैक कोरोनावैक
  - भारत बायोटेक कोवैक्सिन
  - ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के समय 60 वर्ष से कम आयु के लोगों के लिए साइनोफार्म BBIBP-CorV
  - गामालेया अनुसंधान संस्थान स्पुतनिक वी
  - नोवावैक्स/बायोसेलेक्ट नुवाक्सोविड

  या

- इस टीके की एक खुराक:
  - जॉनसन एंड जॉनसन/जैनसेन-सिलाग कोविड वैक्सीन।

और टीकाकरण कोर्स के टीके की अंतिम खुराक के बाद कम से कम 7 दिन बीत गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए मिश्रित खुराकों को पूरी तरह से टीकाकृत होने में गिना जाएगा, बशर्ते सभी टीकों को टीजीए (TGA) की ओर से अनुमोदन या मान्यता प्राप्त है। टीजीए (TGA) अन्य COVID-19 टीकों का आकलन कर रहा है, जिन्हें भविष्य में ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने की यात्रा के लिए मान्यता दी जा सकती है।

ऑस्ट्रेलिया में सभी को कोविड-19 टीके की निःशुल्क खुराक प्राप्त हो सकती है, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई वीज़ा धारक, गैर-नागरिक जिनके पास वैध वीज़ा नहीं है और आव्रजन निरोध (इमिग्रेशन डिटेन्शन) सुविधाओं में रहने वाले लोग शामिल हैं।

अपने टीकाकृत होने का प्रमाण देना

आपको एयरलाइन स्टाफ को इस बात का प्रमाण दिखाने की आवश्यकता होगी कि आप अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रयोजनों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताओं को पूरा करते/करती हैं।

आपको ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने से पहले डिजिटल यात्री घोषणा पत्र पूरा करके प्रमाण को अपलोड करके इसे उपलब्ध कराने के लिए भी कहा जाएगा।

यदि आप ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या स्थायी निवासी हैं, तो आपको ऑस्ट्रेलिया से प्रस्थान करने से पहले एयरलाइन कर्मियों को अपना प्रमाण दिखाने की आवश्यकता भी होगी।

यदि आपका टीकाकरण ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, तो आपको एयरलाइन स्टाफ को अपना अंतरराष्ट्रीय COVID-19 टीकाकरण प्रमाण-पत्र (आईसीवीसी) [International COVID-19 Vaccination Certificate (ICVC)] दिखाने की आवश्यकता होगी। आप Express Plus Medicare ऐप या MyGov के माध्यम से अपने मेडिकेयर ऑनलाइन खाते का उपयोग करके अपना आईसीवीसी (ICVC) डाउनलोड कर सकते/सकती हैं। आईसीवीसी (ICVC) को आपके लिए पीडीएफ प्रारूप में अपने फोन पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में संभालकर रखने या प्रिंट करने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। जब आप अपनी उड़ान के लिए चेक-इन करेंगे/करेंगी, तो एयरलाइंस इसके लिए पूछेगी।

यदि आपका टीकाकरण विदेश में हुआ था और आपके पास आईसीवीसी (ICVC) नहीं है, तो आपको एक विदेशी टीकाकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।

यदि आपका टीकाकरण विदेश में हुआ था और आप आईसीवीसी (ICVC) प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो आप अपने विदेशी टीकाकरणों को ऑस्टेलियाई टीकाकरण रजिस्टर (एआईआर) Australian Immunisation Register (AIR) में जोड़ सकते/सकती हैं। ऐसा करने के बाद आप आईसीवीसी (ICVC) के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं।

ध्यान दें यदि आपके पास टीकाकरण प्रमाण-पत्र है, तो इसका अपने आप से यह अर्थ **नहीं** है कि आप ऑस्ट्रेलिया की अंतरराष्ट्रीय यात्रा के प्रयोजनों से पूरी तरह से टीकाकृत यात्री हैं। उदाहरण के लिए, आपके टीकाकरण प्रमाण-पत्र में यह दिखाया गया हो सकता है कि दो खुराकों वाले टीके में से आपको केवल एक ही खुराक प्राप्त हुई है। आपके टीकाकरण प्रमाण-पत्र को यह साबित करना होगा कि आप ऑस्ट्रेलिया की अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए पूरी तरह से टीकाकृत परिभाषा को पूरा करते/करती हैं।

यह आपकी जिम्मेदारी है कि आपको अपने टीकाकरण की स्थिति पता हो और आप यह सुनिश्चित करें कि आपका टीकाकरण प्रमाण-पत्र ऑस्ट्रेलिया के लिए और ऑस्ट्रेलिया से यात्रा करने की आपकी पात्रता को समर्थित करता है।

यदि आपके टीकाकरण प्रमाण-पत्र पर दिया गया नाम आपके पासपोर्ट से मेल नहीं खाता है

यदि आप एक ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट धारक हैं और आपने अपना नाम बदल लिया है, तो आप ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट कार्यालय से संपर्क करके इस बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं कि नया पासपोर्ट कैसे प्राप्त किया जाए।

यदि आपका टीकाकरण ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, लेकिन आपको ICVC इसलिए नहीं मिल सकता है क्योंकि आपके टीकाकरण प्रमाण-पत्र पर दिए गए नाम के विवरण आपके पासपोर्ट से मेल नहीं खाते हैं, तो आपको ऑस्ट्रेलियाई प्रतिरक्षण रजिस्टर (Australian Immunisation Register) से संपर्क करने की आवश्यकता होगी।

यदि आप विदेशी टीकाकरण प्रमाण-पत्र के साथ यात्रा कर रहे/रही हैं जो आपके पासपोर्ट में दिए गए नाम से मेल नहीं खाता है, तो आपको अपने नाम के अन्य प्रमाणों को भी अपने पास रखना सुनिश्चित करना चाहिए, जैसे विवाह प्रमाण-पत्र या ड्राइवर्स लाइसेंस।

बच्चों के लिए व्यवस्थाएँ

नीचे दिए गए समूहों में आने वाले बच्चे टीकाकृत यात्रियों के लिए निर्धारित समान व्यवस्थाओं के तहत यात्रा कर सकते हैं:

- 12 वर्ष से कम आयु; या
- 12 से 17 वर्ष की आयु, जो पूरी तरह से टीकाकृत कम से कम एक वयस्क के साथ यात्रा कर रहे हैं

बच्चों की आयु के प्रमाण के रूप में पासपोर्ट का उपयोग भी किया जाएगा।

यदि आप एक पारिवारिक समूह हैं जो गैर-टीकाकृत या आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों के साथ यात्रा कर रहा है, तो आपको उन सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में लागू संगरोध या आत्म-अलगाव की आवश्यकताओं की जांच भी करनी चाहिए जिनसे होकर आप पारगमन करने और जहाँ की आप यात्रा करने की योजना बना रहे/रही हैं। और अधिक जानकारी के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र में प्रवेश की आवश्यकताएँ देखें।

यदि चिकित्सीय कारणों की वजह से आपका टीकाकरण नहीं किया जा सकता है

यदि चिकित्सीय कारणों की वजह से आपका टीकाकरण नहीं किया जा सकता है, तो आपको चिकित्सीय कॉन्ट्राइंडिकेशन के स्वीकार्य प्रमाण प्रदान करने होंगे।

स्वीकार्य प्रमाण प्रदान करने की स्थिति में आप टीकाकृत यात्रियों के समान ही यात्रा व्यवस्थाओं के तहत यात्रा करने में सक्षम होंगे/होंगी। यात्रा करने से पहले आपको एयरलाइन कर्मचारियों को अपना प्रमाण दिखाने की आवश्यकता होगी।

आपको उन सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की अन्य आवश्यकताओं की जांच भ ी करनी चाहिए, जिनसे होकर आप पारगमन और यात्रा करेंगे/करेंगी, विशेषकर संगरोध और आगमन के बाद की परीक्षण संबंधी आवश्यकताएँ। देखें: राज्य और राज्य-क्षेत्र की यात्रा आवश्यकताएँ।

चिकित्सीय कॉन्ट्राइंडिकेशन की वजह से आपको टीका न लगाए जा सकने का प्रमाण यात्रा अपवाद से अलग होता है।

ऑस्ट्रेलिया से प्रस्थान करते समय चिकित्सीय कारणों की वजह से आपको टीका न लगाए जा सकने का प्रमाण

यदि आप एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या स्थाई निवासी हैं और ऑस्ट्रेलिया से प्रस्थान कर रहे/रही हैं, तो आपको ऑस्ट्रेलिया में उपलब्ध सभी COVID-19 टीकों के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्रतिरक्षण रजिस्टर (एआईआर) [Australian Immunisation Register (AIR)] के पास रिपोर्ट किए गए मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन का प्रमाण दिखाने की आवश्यकता होगी। प्रमाण के रूप में आपको अपना ऑस्ट्रेलियाई COVID-19 डिजिटल प्रमाण-पत्र या अपना टीकाकरण इतिहास वक्तव्य प्रदान करना चाहिए।

यदि एआईआर (AIR) में अस्थाई मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन रिकॉर्ड किया गया है, तो COVID-19 डिजिटल प्रमाण-पत्र में एक 'वैधता तिथि' प्रदर्शित होगी। इस तिथि के बाद आपको इनमें से एक काम करना होगा:

- अपने डॉक्टर से पूछें कि क्या अब आप COVID-19 टीका प्राप्त कर सकते/सकती हैं; या
- यदि आपका मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन अभी भी वैध है, तो अपने डॉक्टर से एआईआर (AIR) पर आपकी स्थिति को अपडेट करने के लिए कहें।

केवल सेवाएँ ऑस्ट्रेलिया (Services Australia) द्वारा परिभाषित पात्र स्वास्थ्य पेशेवर ही एआईआर (AIR) पर मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन्स की रिपोर्ट कर सकते हैं। यदि आप यह प्रदर्शित नहीं कर सकते/सकती हैं कि आपके मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन की रिपोर्ट एआईआर (AIR) के पास की गई है, तो आपको ऑस्ट्रेलिया से प्रस्थान करने के लिए आवेदन करने की आवश्यकता होगी।

यदि आप इस बात का प्रमाण उपलब्ध नहीं करा सकते/सकती हैं कि आपका मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन एआईआर (AIR) में सूचीबद्ध किया गया है, **तो आपको ऑस्ट्रेलिया से प्रस्थान करने के लिए चिकित्सीय अपवाद का आवेदन करना होगा।**

ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करते समय चिकित्सीय कारणों की वजह से आपको टीका न लगाए जा सकने का प्रमाण

पूरी तरह से टीकाकृत यात्रियों के समान यात्रा व्यवस्थाओं की सुलभता के लिए आपको इस बात का स्वीकार्य प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता होगी कि आपको चिकित्सा कारणों की वजह से टीका नहीं लगाया जा सकता है।

यदि आप ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश कर रहे/रही हैं और ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण पंजी (एआईआर) [Australian Immunisation Register (AIR)] में आपके लिए मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन दर्ज किया गया है, तो आप एयरलाइन कर्मचारियों को ऑस्ट्रेलियाई COVID-19 डिजिटल प्रमाण-पत्र दिखा सकते/सकती हैं। अन्यथा आप अपना टीकाकरण इतिहास कथन दिखा सकते/सकती हैं।

यदि एआईआर (AIR) में आपका चिकित्सीय कॉन्ट्राइंडिकेशन दर्ज नहीं किया गया है, तो आपको एयरलाइन के कर्मचारियों को यह प्रदर्शित करने वाला चिकित्सीय प्रमाण-पत्र दिखाने की आवश्यकता होगी कि आप चिकित्सीय समस्या के कारण COVID-19 का टीका लगवाने में असमर्थ हैं। यह ज़रूरी है कि यह चिकित्सीय प्रमाण-पत्र अंग्रेज़ी में हो और इसमें निम्नलिखित जानकारी शामिल हो:

- आपका नाम (यह ज़रूरी है कि यह आपके यात्रा पहचान दस्तावेजों से मेल खाता हो)
- चिकित्सीय परामर्श की तिथि और आपके चिकित्सा पेशेवर का विवरण
- स्पष्ट रूप से यह रेखांकित करने वाला विवरण कि आप किसी ऐसी चिकित्सीय समस्या से ग्रस्त हैं, जिसके कारण आपको COVID-19 का टीका नहीं लगाया जा सकता है (टीकाकरण के लिए कॉन्ट्राइंडिकेशन [विपरीत-स्थिति])।

ध्यान दें कि इस श्रेणी में वे लोग शामिल नहीं हैं जिन्होंने ऐसे टीके लगवाए हैं, जो टीजीए (TGA) द्वारा अनुमोदित या मान्यता-प्राप्त नहीं हैं।

स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) ने यह सलाह दी है कि पहले हुए COVID-19 संक्रमण को COVID-19 टीकाकरण के लिए मेडिकल कॉन्ट्राइंडिकेशन (चिकित्सीय विपरीत-स्थिति) नहीं माना जाता है।

आपके स्वास्थय पेशेवर को स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) की वेबसाइट पर उन चिकित्सीय समस्याओं के बारे में जानकारी मिल सकती है, जिनके कारण टीकाकरण के लिए कॉन्ट्राइंडिकेशन है। इस वेबसाइट में ऐसी समस्याओं के बारे में जानकारी भी शामिल है, जिन्हें COVID-19 टीकाकरण के लिए कॉन्ट्राइंडिकेशन **नहीं** माना जाता है और जिन्हें ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने के उद्देश्य से टीकाकरण के लिए

चिकित्सीय अपवाद के रूप में स्वीकार **नहीं** किया जाता है। **देखें:** COVID-19 टीके के लिए चिकित्सीय कॉन्ट्राइंडिकेशन के प्रमाण।

आप यह सुनिश्चित करने के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं कि आपका प्रमाण इन आवश्यकताओं को पूरा करता है। चेक-इन करते समय एयरलाइंस आपके प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध करेगी।

आपको उन सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की अन्य आवश्यकताओं की जांच भी करनी चाहिए, जिनसे होकर आप पारगमन और यात्रा करेंगे/करेंगी, विशेषकर संगरोध और आगमन के बाद की परीक्षण संबंधी आवश्यकताएँ।

यदि आप ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर किसी अन्य राज्य या राज्य-क्षेत्र में आगे जाने या वहां से होकर यात्रा करने की योजना बना रहे/रही हैं, तो आपको घरेलू यात्रा प्रतिबंधों की जांच करनी होगी। राज्य और राज्य-क्षेत्र अपने स्वयं के यात्रा प्रतिबंध लागू कर सकते हैं।

आपके लिए जो यात्रा प्रतिबंध और आवश्यकताएँ लागू होती हैं, उनका पालन करने के लिए आप स्वयं जिम्मेदार हैं।

यदि आप स्वीकार्य चिकित्सीय प्रमाण उपलब्ध नहीं करा सकते/सकती हैं, तो आपको ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने के लिए चिकित्सीय अपवाद का आवेदन करने की आवश्यकता हो सकती है।

COVID-19 जांच

ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने या ऑस्ट्रेलिया से होकर पारगमन करने के लिए COVID-19 जाँच का नकारात्मक परिणाम प्रदान करना अनिवार्य है।

आपको इनमें से कोई एक प्रमाण प्रदान करना होगाः

- आपकी उड़ान के निर्धारित प्रस्थान से पूर्व 3 दिनों के अंदर किया गया नकारात्मक COVID-19 पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (पीसीआर) या अन्य न्यूक्लिक एसिड एंप्लिफिकेशन टेस्ट (एनएएटी), या
- चेक इन करते समय आपकी उड़ान के निर्धारित प्रस्थान से 24 घंटे पहले चिकित्सीय पर्यवेक्षण के तहत किए गए नकारात्मक रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) के प्रमाण के रूप आपकी एयरलाइन को चिकित्सीय प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाना अनिवार्य होगा।

यदि आपकी उड़ान में देरी हो जाती है, तो भी आपको प्रस्थान-पूर्व जाँच आवश्यकताओं को पूरा करने के रूप में माना जाएगा। आपको नई जाँच की आवश्यकता नहीं होगी।

लेकिन यदि आपकी उड़ान को री-शेड्यूल या रद्द कर दिया जाता है, तो आपको री-शेड्यूल की गई उड़ान से अधिकतम 3 दिन पूर्व किए गए COVID-19 पीसीआर टेस्ट का नकारात्मक प्रमाण अथवा री-शेड्यूल की गई उड़ान के 24 घंटों के अंदर किए गए आरएटी का नकारात्मक प्रमाण प्रदान करना होगा।

आपको क्या प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता होगी, इसके बारे में जानकारी आपको स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) की वेबसाइट पर मिल सकती है। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- COVID-19 परीक्षण आवश्यकताएँ, जिनमें शामिल हैं
  - स्वीकार्य परीक्षण
  - आवश्यक विशिष्ट प्रमाण
  - परीक्षण के लिए विस्तारित समय-सीमाओं वाले देशों की सूची
  - पूर्व-प्रस्थान परीक्षण से अपवाद-प्राप्त देशों की सूची
- यदि आपको पहले COVID-19 हुआ हो और आप इससे ठीक हो गए/गई हों, लेकिन आपके परीक्षण का परिणाम सकारात्मक निकलता है, तो क्या करें

आप जिन देशों से होकर पारगमन करेंगे/करेंगी या जहाँ की यात्रा करेंगे/करेंगी, उन सभी देशों की परीक्षण और टीकाकरण की प्रमाण आवश्यकताओं की जांच करने की जिम्मेदारी आपकी है।

अधिकांश राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की यह आवश्यकता भी है कि आपको आगमन के तुरंत बाद COVID-19 परीक्षण भी कराना होगा। और अधिक जानकारी के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र में आगमन की आवश्यकताएँ देखें।